दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 13 जनवरी 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 106

महत्वपूर्ण एवं खास

बेरोजगार युवाओं को हर महीने मिलेंगे 8500 रुपये

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर सियासत में माहौल काफी गर्माया हुआ है। हर पार्टी लोगों को रिझाने के लिए कई स्कीमों का ऐलान कर रही है। वहीं कांग्रेस ने भी बड़ा ऐलान कर दिया है। कांग्रेस ने आगामी चुनाव में पार्टी की सरकार बनने पर दिल्ली के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को एक साल तक साढ़े आठ हजार रुपये प्रतिमाह की आर्थिक मदद देने का एलान किया है। साथ ही उन्हें रोजगार का प्रशिक्षण भी दिए जाने की बात कही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने इस योजना की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस योजना का नाम 'युवा उड़ान योजना' रहेगा। इस दौरान दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, प्रदेश प्रभारी काजी निजामुद्दीन, एनएसयूआई अध्यक्ष वरुण चौधरी सहित अन्य नेता मौजूद रहे। पायलट ने कहा, पांच तारीख को दिल्ली में नई सरकार चुनी जाएगी। इसके लिए कांग्रेस भी पूरी शिद्दत से चुनाव लड़ रही है। पहले भी जब जब यहां कांग्रेस की सरकार रही, खूब विकास हुआ। पिछले कुछ सालों में यहां सिर्फ कीचड़ उछालने का काम हो रहा है। दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार और भाजपा के सातों सांसद लोगों के लिए कुछ नहीं कर पाए। इससे पहले, पार्टी ने पहली गारंटी में 'प्यारी दीदी योजना' के तहत महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये और दूसरी गारंटी के तहत दिल्ली के हर व्यक्ति को 25 लाख रुपये का बीमा देने का एलान किया था।

कोलकाता रेप-मर्डर केस : बॉडी पर मिला 4 लोगों का डीएनए, वकील बोले- सीबीआई ने फिंगरप्रिंट तक मैच नहीं किए

कोलकाता (आरएनएस)। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 31 साल की ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर का केस फिर उलझ गया है। अब सीएफएसएल की रिपोर्ट से पता चला है कि ट्रेनी डॉक्टर की बॉडी पर कई लोगों का डीएनए मिला है। इनमें एक महिला भी हो सकती है। ट्रेनी डॉक्टर की डेडबॉडी हॉस्पिटल के सेमिनार हॉल में मिली थी। सीएफएसएल रिपोर्ट में लिखा है कि क्राइम सीन पर विक्टिम और आरोपी के बीच संघर्ष के सबूत नहीं मिले हैं। वहीं, मल्टी इंस्टीट्यूशनल मेडिकल बोर्ड यानी एमआईएमबी की रिपोर्ट में आया था कि ट्रेनी डॉक्टर ने खुद को बचाने के लिए संघर्ष किया था। यही सवाल विक्टिम फैमिली के वकील ने भी उठाया है। उनका दावा है कि विक्टिम के बालों में क्लचर लगा था। इसका सबूत भी है। यह क्लचर मौके से रिकवर की गई 40 चीजों में शामिल नहीं था। इससे शक होता है कि क्राइम कहीं और हुआ है। फोरेंसिक जांच करने वाले एक्सपर्ट्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि संजय अकेला अपराधी भी हो सकता है। हालांकि इसमें डीएनए एक्सपर्ट की राय लेना भी जरूरी है। जांच के लिए भेजे गए कुछ सैंपल में मिलावट मिली है। इससे दूसरे लोगों की मौजूदगी का पता लगा पाना मुश्किल है। विसरा और फिंगर प्रिंट की रिपोर्ट पर सीबीआई ने कोर्ट में जवाब नहीं दिया है। सीबीआई ने 35 लोगों की लिस्ट बनाई है। ये लोग शक के दायरे में हैं। ये लोग कौन हैं, ये पता नहीं चला है। संजय के वकील का आरोप है कि सीबीआई सभी संदिग्धों को पेश नहीं कर रही है।

पौड़ी में अनियंत्रित बस 100 मीटर गहरी खाई में गिरी, पांच की मौत 15 घायल

पौड़ी । आरएनएस

उत्तराखंड में पौड़ी से सेंट्रल स्कूल जाने वाले मार्ग पर रविवार को एक बस गहरी खाई में गिर गई। घटना में पांच लोगों की जान चली गई और 15 से अधिक अन्य लोग घायल हो गए। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद आनन-फानन में पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रशासन की ओर से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है। घायलों को बचाने का सिलसिला जारी है। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पौड़ी में भर्ती कराया गया है।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, निजी बस अनियंत्रित होकर सडक़ से करीब 100 मीटर नीचे गिर गई।

बस पौड़ी शहर से सेंट्रल स्कूल जाने वाले मार्ग पर सत्याखाल के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। गिरने के बाद वह एक पेड़ से टकराकर रुक गई हालांकि उसके परखच्चे उड़ गए।

हादसे के वक्त बस में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे।

प्रारंभिक जांच के अनुसार, सडक़ पर फिसलन और वाहन की तेज रफ्तार को दुर्घटना का कारण माना जा रहा है। हादसे में पांच लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है जबकि 15 से ज्यादा लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है।

मौके पर एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस प्रशासन बल और स्थानीय लोग बचाव एवं राहत कार्य में मदद कर रहे हैं।

एलपीजी टैंकर और पिकअप में भीषण टक्कर, गैस रिसाव से मची अफरा तफरी; हाईवे पर लगा 10 किमी लंबा जाम

कानपुर । आरएनएस

सचेंडी थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक एलपीजी टैंकर और पिकअप की टक्कर हो गई, जिससे टैंकर से गैस का रिसाव शुरू हो गया। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमों ने 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रिसाव को बंद कर टैंकर को किनारे किया।

जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 7 बजे ओरियंट रिसार्ट के सामने कानपुर की ओर जा रही पिकअप (यूपी 75 सीटी 4329) अनियंत्रित होकर पहले बाईं ओर चल रहे एक अज्ञात वाहन से टकराई और फिर दाहिनी ओर चल रहे एलपीजी टैंकर (यूपी 78 सीटी 0995) से जा टकराई। टक्कर से टैंकर के तीन वाल्व क्षतिग्रस्त हो गए और गैस का रिसाव होने लगा। टैंकर चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया।

गैस रिसाव के कारण आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपने वाहन छोडक़र भागने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और सुरक्षा के मद्देनजर 2 किलोमीटर पहले ही यातायात रोक दिया। पनकी और फजलगंज से दमकल की तीन गाडिय़ां मौके पर पहुंचीं और 200 मीटर की दूरी से पाइप के सहारे पानी का छिडक़ाव शुरू कर दिया ताकि गैस को हवा में फैलने से रोका जा सके।

बाद में कानपुर से सीयूजीएल और गेल के वरिष्ठ अधिकारियों और तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाल्वों की मरम्मत की और गैस रिसाव को बंद किया। इस दौरान हाईवे के दोनों ओर लगभग 10 किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे लोगों को पैदल ही सफर तय करना पड़ा।

क्रेन की मदद से 4 घंटे बाद टैंकर को सडक़ से हटाकर किनारे किया गया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। सचेंडी थाना प्रभारी दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि गैस का रिसाव बंद कर दिया गया है और टैंकर को भी किनारे करवा दिया गया है। अब यातायात सामान्य रूप से चल रहा है।

लॉ के छात्र पर जानलेवा हमला, 5 युवकों ने सुए से छेद डाला शरीर; डॉक्टरों को निकालनी पड़ी किडनी

नोएडा । आरएनएस

ग्रेटर नोएडा प्रौद्योगिकी संस्थान में पांच युवकों ने एक लॉ के छात्र पर बर्फ तोडऩे वाले सुए से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी एक किडनी निकालनी पड़ी है। वह अभी भी अस्पताल के आईसीयू में वेंटिलेटर पर जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

नोएडा के एशियन लॉ कॉलेज में बीए एलएलबी द्वितीय वर्ष का छात्र कनव नेगी, जो मूल रूप से उत्तराखंड के गढ़वाल का रहने वाला है और नोएडा के सेक्टर 105 में रहता है, त्रहृढ्ढञ्ज में सेमेस्टर एग्जाम देने आया था। एग्जाम से पहले वह अपनी कार में बैठकर तैयारी कर रहा था। तभी पांच युवक वहां आए और उससे उसका नाम पूछा। नाम पता चलते ही युवकों ने कनव के सिर पर लोहे की रॉड से वार किया और फिर उसे कार से बाहर खींचकर बर्फ तोडऩे वाले सूजे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आरोपियों ने छात्र के पेट, पीठ और कंधे पर कई बार सूजा घोंपा।

हमले में कनव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका ऑपरेशन किया। सूजे के वार से उसकी एक किडनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसे डॉक्टरों को निकालना पड़ा। छात्र की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और वह आईसीयू में वेंटिलेटर पर है।

स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया और उसके परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने छात्र के परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और हमलावरों की तलाश कर रही है।

अंतरिक्ष में एक और इतिहास रचेगा इसरो 'हैंडशेक' के लिए 3 मीटर तक करीब आए दोनों उपग्रह, अब डॉकिंग की तैयारी

बेंगलुरु । आरएनएस

भारत अपने महत्वाकांक्षी स्पैडेक्स मिशन में सफलता हासिल के काफी करीब पहुंच गया है। इसरो ने कहा कि स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) के तहत दोनों अंतरिक्षयान को 15 मीटर और आगे 3 मीटर तक पास पहुंचने का परीक्षण सफल हुआ है। दोनों अंतरिक्षयान ठीक तरीके से काम कर रहे हैं। इसरो ने एक पोस्ट कर जानकारी दी कि स्पैडेक्स डॉकिंग मिशन के तहत दोनों यान के 15 मीटर और आगे 3 मीटर तक पास पहुंचने का परीक्षण प्रयास किया गया है। डेटा के आगे विश्लेषण करने के बाद डॉकिंग प्रक्रिया की जाएगी।

डॉकिंग के लिए दोनों अंतरिक्षयानों को 225 मीटर तक की दूरी तक लाना है। हालांकि, इसरो ने डॉकिंग प्रयोगों के लिए कोई तारीख तय नहीं की है। 'स्पैडेक्स' मिशन के तहत भारत अंतरिक्षयान को 'डाक' और 'अनडाक' करने की क्षमता को प्रदर्शित करेगा। इस सफलता के साथ ही भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद अंतरिक्ष 'डॉकिंग' प्रौद्योगिकी में सक्षम दुनिया का चौथा देश बन जाएगा।

एक अंतरिक्षयान से दूसरे अंतरिक्षयान के जुडऩे को डॉकिंग और अंतरिक्ष में जुड़े दो यानों के अलग होने को अनडॉकिंग कहते हैं। यह प्रौद्योगिकी भारत के महत्वाकांक्षी मिशनों जैसे चंद्रमा से नमूने वापस लाने, भारतीय अंतरिक्ष केंद्र के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। इसरो ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, दोनों अंतरिक्षयान 230 मीटर की इंटर सेटेलाइट डिस्टेंस (आइएसडी) पर हैं। सेंसर का मूल्यांकन किया जा रहा है। अंतरिक्षयान ठीक से काम कर रहे हैं। स्पैडेक्स डॉकिंग प्रयोग को अब तक दो बार टाला जा चुका है।

जब इस मिशन को लांच किया गया था, डॉकिंग प्रक्रिया सात जनवरी को करने की योजना थी, लेकिन डॉकिंग को नौ जनवरी तक टाल दिया गया। अंतरिक्षयानों को निर्धारित दूरी तक लाने में सफलता मिलने के कारण इसे फिर टाल दिया गया था। इसरो ने 30 दिसंबर को 'स्पैडेक्स' मिशन को लांच किया था।

चुनाव संचालन नियमों में संशोधन के खिलाफ 15 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

नई दिल्ली । आरएनएस

उच्चतम न्यायालय बुधवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश द्वारा दायर रिट याचिका पर सुनवाई करेगा। याचिका में चुनाव नियम, 1961 में संशोधन को चुनौती दी गई है। ये नियम कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों को सार्वजनिक निरीक्षण के लिए रोके जाने को लेकर है, जिस पर कांग्रेस को आपत्ति है।

सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर प्रकाशित वाद सूची के अनुसार, सीजेआई संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ 15 जनवरी को मामले की सुनवाई करेगी। 24 दिसंबर को सर्वोच्च न्यायालय में दायर अपनी याचिका में, कांग्रेस के महासचिव ने तर्क दिया कि ईसीआई को 1961 के चुनाव संचालन नियमों में इस तरह एकतरफा और बिना सार्वजनिक परामर्श के संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में रमेश ने कहा, निवार्चन आयोग एक संवैधानिक निकाय है। इस पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है, इसलिए इसे एकतरफा और सार्वजनिक विचार-विमर्श के बिना इतने अहम नियम में इतनी निर्लज्जता से संशोधन करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। चुनावी प्रक्रिया में सत्यनिष्ठा तेज़ी से कम हो रही है और उम्मीद है कि उच्चतम न्यायालय इसे बहाल करने में मदद करेगा।

राज्यसभा सांसद रमेश ने कहा कि ईसीआई की सिफारिशों के बाद 21 दिसंबर को पेश किया गया संशोधन "चुनावी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने वाली आवश्यक जानकारी तक जनता की पहुंच को खत्म कर देता है। उन्होंने कहा, चुनावी प्रक्रिया की अखंडता तेजी से खत्म हो रही है। उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट इसे बहाल करने में मदद करेगा।

संशोधन को स्पष्ट रूप से पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा चुनाव बूथ की सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने के निर्देश की प्रतिक्रिया के रूप में देखा गया। इससे पहले, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने संशोधन की कड़ी आलोचना की और इसे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों पर अलोकतांत्रिक हमला बताया।

एक्स पोस्ट में, सीएम स्टालिन ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के तहत लोकतंत्र अपने सबसे गंभीर खतरे का सामना कर रहा है। अपनी आपत्तियों को व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, "चुनावों में पारदर्शिता को कमजोर करने के लिए चुनाव संचालन नियमों की धारा 93(2)(ए) में लापरवाही से संशोधन के साथ भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के तहत लोकतंत्र अपने सबसे गंभीर खतरे का सामना कर रहा है।"

सीएम स्टालिन ने कहा कि यह कदम संविधान की मूलभूत विशेषताओं में से एक – पारदर्शिता को कमजोर करता है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों, जिनमें केंद्र सरकार के साथ गठबंधन करने वाले दल भी शामिल हैं, से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों पर अलोकतांत्रिक हमले के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया।

छत्तीसगढ़ में 75,000 करोड़ का निवेश करेगा अदाणी ग्रुप

❑ ऊर्जा, सीमेंट और सीएसआर में बड़ा विस्तार

नई दिल्ली । आरएनएस

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने राज्य में 75,000 करोड़ रुपये के बड़े निवेश की घोषणा की। यह निवेश राज्य की ऊर्जा, सीमेंट, और सामाजिक विकास योजनाओं को नए आयाम देगा। अदाणी ग्रुप ने रायपुर, कोरबा, और रायगढ़ में अपने पावर प्लांट्स के विस्तार के लिए 60,000 करोड़ रुपये का निवेश करने का संकल्प लिया। इस विस्तार से राज्य की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता में 6,120 मेगावाट की वृद्धि होगी।

इसके अतिरिक्त, ग्रुप छत्तीसगढ़ में अपने सीमेंट प्लांट्स के विकास और विस्तार के लिए 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। सामाजिक दायित्वों के तहत, अदाणी फाउंडेशन अगले चार वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 10,000 करोड़ रुपये खर्च करेगा। बैठक के दौरान रक्षा क्षेत्र में उपकरण निर्माण, डेटा सेंटर और एक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित करने पर भी चर्चा हुई। यह निवेश छत्तीसगढ़ की आर्थिक प्रगति और रोजगार के अवसरों और राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण होगा।

स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल पहुंचीं वाराणसी, काशी विश्वनाथ मंदिर में किए दर्शन

वाराणसी । आरएनएस

एप्पल के सह-संस्थापक दिवंगत स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल ने रविवार को महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने से पहले वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए। लॉरेन के साथ निरंजनी अखाड़े के स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज भी मंदिर गए। भारतीय परिधान (गुलाबी सूट और सिर पर सफेद दुपट्टा) पहने लॉरेन ने काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह के बाहर से पूजा-अर्चना की।

स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज ने कहा, उन्होंने मंदिर की परंपराओं का पालन किया...हमारी भारतीय परंपरा के अनुसार, काशी विश्वनाथ में कोई गैर हिंदू शिवलिंग को नहीं छू सकता। इस कारण उन्हें बाहर से शिवलिंग के दर्शन कराए गए।

कैलाशानंद गिरि महाराज ने आगे बताया कि लॉरेन ने महाकुंभ के बिना किसी बाधा या कठिनाई के सफलतापूर्वक संपन्न होने के लिए प्रार्थना की।

उन्होंने कहा, आज हम काशी में महादेव से प्रार्थना करने आए हैं कि कुंभ बिना किसी बाधा के संपन्न हो... मैं यहां महादेव को आमंत्रित करने आया हूं। हमारे शिष्य महर्षि व्यासानंद अमेरिका से हमारे साथ हैं। कल वह मेरे अखाड़े में महामंडलेश्वर बन रहे हैं।

लॉरेन, जिनका नाम बदलकर कमला कर दिया गया है, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होने वाले आगामी महाकुंभ में भाग लेंगी।

कैलाशानंद गिरि महाराज के अनुसार, वह कुंभ में रहेंगी और गंगा में डुबकी लगाने की भी योजना बना रही हैं।

प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू होने वाला महाकुंभ मेला 26 फरवरी को समाप्त होगा। यह मेला हर 12 साल में एक बार आयोजित किया जाता है।

महाकुंभ 2025- प्रयागराज में यमुना घाट पर औद्योगिक मंत्री ने किया वाटर लेजर शो का उद्घाटन

प्रयागराज । आरएनएस

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने प्रयागराज में यमुना बैंक घाट पर महाकुंभ 2025 से संबंधित प्रमुख कार्यक्रमों को प्रदर्शित करने वाले एक प्रमुख वाटर लेजर शो का उद्घाटन किया।

वाटर लेजर शो 45 मिनट तक चला और इसे तैयार करने में 20 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च हुए हैं। इसे करीब 100 लोगों की टीम ने महज 60 दिनों (दो महीने) में तैयार किया।

बता दें कि निजी कंपनी ने पहले अयोध्या और झांसी में इसी तरह के वाटर लेजर शो आयोजित किए थे। उद्घाटन के दौरान मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने शो की खूबसूरती को उजागर करते हुए इसे ऐतिहासिक और अद्भुत अनुभव बताया।

नंद गोपाल गुप्ता नंदी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सनातन धर्म एवं आस्था के सबसे बड़े समागम दिव्य एवं भव्य महाकुंभ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं को गंगा और यमुना की लहरों पर अद्भुत नजारे देखने को मिलेंगे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के कुशल नेतृत्व में यमुना बैंक रोड के काली घाट पर 22 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पर्यटन विभाग के वाटर लेजर शो का विधि विधान पूर्वक पूजन कर एवं बटन दबाकर उद्घाटन किया। जिसका संचालन प्रतिदिन किया जाएगा। इसमें कुंभ कथा को वाटर स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा, इस अवसर पर क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह, यूपी पीसीएल के जीएम सुरेश यादव, प्रोजेक्ट मैनेजर राजेश शर्मा, एपीएम गणेश प्रसाद एवं सूरज बाबू उपस्थित रहे। वाटर लेजर शो महाकुंभ में आने वाले पर्यटकों के लिए एक आकर्षक एवं दृश्यात्मक रूप से अद्भुत अनुभव प्रदान करने वाला होगा। पानी और प्रकाश के अद्भुत संयोजन से सजी यह प्रस्तुति महाकुंभ की भव्यता में चार चांद लगाएगी और दर्शकों को आध्यात्मिकता तथा आधुनिक तकनीक का अनोखा संगम देखने को मिलेगा।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस बार महाकुंभ 45 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। महाकुंभ के दौरान श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर एकत्रित होंगे। जनवरी से शुरू होकर, महाकुंभ का समापन 26 फरवरी को होगा।